Title: Need to set up Bauxite based industry in Lohardagga Parliamentary Constituency, Jharkhand - Laid.

प्रो0 दुखा भगत (लोहरदगा) अध्यक्ष महोदय, झारखंड के मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा में बाक्साईट के अपार भंडार हैं। यहां का कच्चा माल दूरस्थ क्षेत्र रेणकूट, उत्तर प्रदेश एवं रांची के मूरी क्षेत्र को ले जाया जाता है। अगर लोहरदगा के आसपास बाक्साईट आधारित उद्योग स्थापित हो जाये तो यहां के आदिवासी लोगों को रोजगार मिलेगा और इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। साथ ही परिवहन पर बेकार की लागत को बचाया जा सकता है और परिवहन के समय कच्चे माल की जो हानि होती है उसको बचाया जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा में बाक्साईट आधारित उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहनात्मक कार्यवाही की जाये।